<u>कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर</u>

क्रमांकः शिविरा–मा / सांख्यिकी एवं शालादर्पण / विविध सूचना / 23023 दिनांकः–यथाहस्ताक्षर

<u>अति–आवश्यक</u>

संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
माध्यमिक शिक्षा विभाग,
समस्त संभाग।

विषयः– अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापन हेतु रिक्त पदों की सूचना भिजवाने बाबत।

प्रसंगः– शिविरा / माध्य / म.गां.प्र. / 66174 / वॉक इन इन्टरव्यू / 2024–25 / (E File-22810-7) दिनांकः–20.12.2024

——————————————

उपर्युक्त विषयान्तर्गंत प्रासंगिक अनौपचारिक टिप्पणी के क्रम में लेख है कि **महात्मा गाँधी राजकीय (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय, स्वामी विवेकानन्द राजकीय आदर्श विद्यालय (एसवीजीएमएस) और समस्त अन्य राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों** में रिक्तियों के चिह्निकरण हेतु रिक्त पदों की सूचना निर्धारित परिशिष्ट–''क'' (मगांरावि–अं.मा. / राअंमावि हेतु) तथा परिशिष्ट–''ख'' (स्वामी वि.रा.आ.वि. हेतु) में दिनांकः 16.07.2024 तक समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय / संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा कार्यालयों से मगवाई गई थी।

उपरोक्त के संदर्भ में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय / संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा कार्यालयों द्वारा पूर्व में निदेशालय को भिजवाई गई सूचना के उपरान्त वर्तमान में विभाग द्वारा अधिशेष कार्मिकों के समायोजन किया गया, समायोजन उपरान्त अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में अधिशेष कार्मिकों का पदस्थापन / समायोजन किया गया है।

उक्त प्रक्रिया उपरान्त पूर्व में भिजवाई गई रिक्त पदों की सूचना में **<u>विद्यालयवार अद्यतन सूचना तैयार कर</u>** निर्धारित प्रारूप में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय / संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा कार्यालयों से समेकित उपरान्त अध्ययतन सूचना को प्राप्त किया जाना हैः–

A. महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) / राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों हेतु संचालन के लिए शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देश क्रमांकः प.04(15)शिक्षा–1 / 2019 दिनांकः 14.06.2019 के बिन्दु संख्या–03 में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के लिए प्रावधानित मानदण्डानुसार पदों को स्वीकृत माना जाएगा तथा इन विद्यालयों में पूर्व से साक्षात्कार प्रक्रिया से चयन उपरान्त नियुक्त कार्यरत कार्मिक / संविदा भर्ती, 2023 से नियुक्त कार्यरत संविदा कार्मिकों के पदों की गणना उपरान्त शेष समस्त रिक्त पद।

B. नवीन सत्र 2024–25 में कक्षा–6 से 12 तक संचालित होने वाले विद्यालयों में पदों का निर्धारण निम्नानुसार किया जाना हैः–

- **a.** जिन विद्यालयों का संचालन सत्र 2024–25 से कक्षा–6वीं, 7वीं, 8वीं तक के लिए प्रारम्भ किया जाना हैं, में अध्यापक लेवल–प्रथम के 05 पदों, अध्यापक लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी / विज्ञान–गणित) के 01–01 पद (कुल 02) व सहायक कर्मचारियों के 03 पद सम्मिलित किए जाने हैं।
- **b.** जिन विद्यालयों में सत्र 2024–25 से कक्षा–09वीं, 10वीं का संचालन [illegible] किया जाना है, उनमें शासन के परिपत्र दिनांकः 14.06.2019 के अनुसार समस्त [illegible] पद सम्मिलित किए जाने हैं।

Signature Not Verified
Digitally signed by Subhash Choudhary
Designation : Deputy Director
Date: 2024.12.20 18:07:44 IST
Reason: Approved

c. जिन विद्यालयों में सत्र 2024–25 से कक्षा–11वीं, 12वीं का संचालन प्रारम्भ किया जाना है, उनमें अंग्रेजी माध्यम अध्यापन हेतु जिस संकाय व विषयों की स्वीकृति जारी की गई है, में उपरोक्त बिन्दु संख्या–2(B) के अतिरिक्त, उन विद्यालयों के प्राध्यापक (व्याख्याता) पदों को सम्मिलित किया जाएगा।

d. जिन विद्यालयों में तृतीय भाषा के रूप में पहले से किसी अल्पभाषा को हिन्दी माध्यम में पढ़ाया जा रहा है, तो उनकी रिक्तियां भी पूर्व में स्वीकृत पद के स्तर (अध्यापक, लेवल–द्वितीय/वरिष्ठ अध्यापक, जो भी हो) के अनुसार संबंधित पद को सम्मिलित किया जाना है।

C. ''सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023'' अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थी जिनके काउंसलिंग उपरान्त नियुक्ति आदेश जारी किए जाने शेष हैं, उन पदों को रिक्त पद के रूप में चिहि्नत नहीं किया जाना है।

D. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों में मानदण्डानुसार पदों में से साक्षात्कार से नहीं भरे गए पद।

विशेष नोटः–

1. अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों हेतु पूर्व में चयनोपरान्त पदस्थापित कार्मिक जिनके द्वारा हिन्दी माध्यम विद्यालयों में स्थानान्तरण पर कार्यग्रहण किये जाने के उपरान्त पुनः अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में स्थानान्तरण से पदस्थापित है उनके पदों को रिक्त पदों में शामिल किया जाना है।
2. अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों हेतु पूर्व में चयनोपरान्त पदस्थापित कार्मिक जिनके द्वारा अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में स्थानान्तरण पर कार्यग्रहण किया गया है उनके पदों को रिक्त पदों की सूचना में सम्मिलित नहीं किया जाना है।

उक्त के क्रम में महात्मा गांधी प्रकोष्ठ द्वारा निर्धारित प्रपत्र–'क' एवं 'ख' संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित प्रपत्र में वांछित सूचना तत्काल अपने अधिनस्थ कार्यालयों से प्राप्त कर **एक्सेल शीट में सॉफ्ट एवं हार्ड प्रति में ई–डाक (RJBI199409011289)/ ई–मेल ddstatesec@gmail.com के माध्यम से** द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को दिनांकः–24.12.2024 तक आवश्यक रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे सूचना समय पर समेकित किया जा सके। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये श्री चन्दन तलरेजा, सहायक निदेशक (मोबाईल– 9571573236) से सम्पर्क किया जा सकता है।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

संलग्नः–1. परिशिष्ट–''क'' (Excel Sheet) व ''ख'' की प्रति।

उपनिदेशक (सांख्यिकी)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. सहायक निदेशक, महात्मा गांधी प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।

Signature Not Verified

Digitally signed by Subhash Choudhary
Designation : Deputy Director
Date: 2024.12.20 18:07:44 IST
Reason: Approved